योग से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास संभव : हेमंत खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 जून. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से अभिनंदन सरोवर के समीप स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम बैतूल में किया गया।

हॉकी एस्टोटर्फ ग्राउंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर किया योग

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जन अभियान प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, वन मंडल अधिकारी अरिहंत कोचर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी स्कूली विद्यार्थी, पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, हार्ट फूलनेस आदि संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1500 से अधिक लोगों ने एक साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरुआत की। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने अतिथियों को लक्ष्मी तरु का पौधा भेंट किया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन- पद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास भी कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास : जिला मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में भी योगाभ्यास कराया गया, जिसमें कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, बी.एड., डी.एड. संस्थान, विभिन्न योग संस्थाएं, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स, पुलिस कर्मी तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी भी योग कार्यक्रम में

योग को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक : हेमंत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई और आज यह पूरी दुनिया में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि योग दिवस की शुरुआत के समय 84 देशों ने इसमें भागीदारी की थी, जबकि वर्तमान में दुनिया के लगभग 135 देशों में एक साथ योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर नई प्रतिष्ठा दिलाई। योग जो भारत की पहचान रहा है, आज विश्व भर में स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली का प्रतीक बन गया है।

योग भारत की विश्व को अमूल्य देन : मोहन नागर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में योग को वैश्विक स्तर पर अपनाने का आह्वान किया था। उनके इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्वीकार करते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उन्होंने बताया कि 21 जून उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है, इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व है। उपाध्यक्ष श्री नागर ने कहा कि आज 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है और योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व एकता, शांति और मानव कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम्की है। इसी सोच को व्यवहारिक रूप देने के लिए हमारे ऋषि-मुनियों ने योग और आयुर्वेद जैसी महान परंपराएं विश्व को प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिन :, सर्वे सन्तु निरामया : की भावना के साथ भारत ने विश्व को निरोग और सुखी जीवन का मार्ग दिखाया है। आज भारत योग के क्षेत्र में विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो चुका है और योग के माध्यम से विश्व शांति एवं विश्व बंधुत्व का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंच रहा है।

एक नजर में

प्रारम्भ हुआ भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

मुलताई। नगर के पटेल वार्ड में कामतानाथ भार्गव परिवार एवं विश्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा नव निर्मित मंदिर में महा शिव पुराण कथा एवं भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया हैं। महा शिव पुराण कथा प्रतिदिन चल रही हैं, रविवार को भगवान भोलेनाथ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व ताप्ती तट से कलश में ताप्ती जल लेकर भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई,कलश यात्रा ताप्ती से पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुई जिसमे गाजे बाजे के साथ आयोजन समिति के सदस्य, भार्गव परिवार सहित वार्ड वासी ब ?ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालू नाचते गाते हर हर महादेव के जयकारों के साथ ताप्ती परिक्रमा करते हुए मंदिर स्थल पहुंचे। जहां पर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की जा रही हैं।

योग दिवस पर 700 से अधिक प्रतिभागियों ने किया योग

मुलताई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के हाईस्कूल मैदान पर आयुष विभाग बैतूल एवं नगरपालिका परिषद मुलताई द्वारा योग का आयोजन किया हैं। इस अवसर एसडीएम राजीव कहार,सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कमलेश सरिया एवं आयुष विभाग के डाक्टर ललीत चौधरी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने योग सत्र का उद्घाटन किया। योगाभ्यास में सांदीपनि स्कूल,पीएम श्री कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल से छात्र छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ योगासन किए। कोलकाता से प्रसारित राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार योगाभ्यास कराया गया । कार्यक्रम के दौरान योग प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्राओं ने खेल शिक्षिका रश्मि बाथरे के निर्देशन में शिव तांडव स्तोत्र पर योगासनों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पीएल पवार एवं मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने दैनिक जीवन में योग के महत्व को बताया उन्होंने 21 जून की भूगोलीय स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग एवं प्राणायाम ऊर्जा के अनंत स्रोत हैं ।

ताप्ती एवं जल स्त्रोतों की भूमि से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : हेमंत

मुलताई। पवित्र नगरी में नारद टेकड़ी बचाओ समिति द्वारा नारद टेक ?ी की भूमि एवं क्षेत्र की बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं, शनिवार को समिति का प्रतिनिधि मंडल विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिला और ताप्ती उद्गम स्थल ताप्ती सरोवर के प्रमुख जल स्त्रोत एवं जन आस्था का केंद्र नारद टेकड़ी बचाने की गुहार लगाई। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने बताया कि नारद टेकड़ी की खरीद फरोख्त हो रही है जिसके प्रायवेट हाथों में जाने से वहां आबादी बसेगी और वहां की गंदगी बढ़ेगी वहीं ताप्ती सरोवर में आने वाला वर्षा जल बाधित हो जाएगा जिससे उद्गम स्थल सरोवर में जल भराव नहीं होगा और सरोवर के अस्तित्व का खतरा बढ़ जाएगा। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नारद टेकड़ी और आसपास की रिक्त भूमि सरकार के अधीन होकर वर्षा जल संग्रहित किए जाना आवश्यक है जिससे ताप्ती सरोवर तो हमेशा लबालब भरा रहेगा ही वही नगर के राम नगर और रेलवे पटरी पार सहित पटेल वार्ड और आसपास के ग्रामों का भी वाटर रिचार्ज पॉइंट डेवलप किया जाना मां ताप्ती जी एवं नगर हित में आवश्यक है। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ताप्ती जी सहित जो भी जलस्त्रोतों के स्पॉट हैं उनसे छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन प्रशासन स्तर पर हर संभव बचाए जाने के प्रयास किए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि मां ताप्ती पूरे विश्व की धार्मिक और पौराणिक आस्था है और मां ताप्ती एवं नारद जी से धार्मिक जुड़ाव जन आस्था का प्रतीक है इसलिए जनता की भावनाओं को देखते हुए शासन हर स्तर पर कार्य करने के लिए कटिबद्ध है।

आमला में बंद घर में मिला तीन दिन पुराना शव

बैतूल। आमला के वार्ड क्रमांक-5 छत्रसाल नगर में 54 वर्षीय राजेंद्र पिता बलिराम मंडेलकर का शव उनके बंद घर के भीतर मिला। शव लगभग तीन दिन पुराना था, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार को घर से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने आमला पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर जांच की तो भीतर शव बरामद हुआ। आमला थाना के प्रधान आरक्षक कमलेश धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति को देखते हुए उसकी मौत करीब तीन दिन पहले होने का अनुमान है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी आमला भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी पदमा घुटनों के उपचार के लिए नागपुर गई हुई थीं और पिछले लगभग 13 दिनों से घर पर नहीं थीं। स्थानीय लोगों और मृतक के परिचितों के अनुसार, राजेंद्र मंडेलकर पिछले कुछ समय से आर्थिक संकट और पारिवारिक तनाव से गुजर रहे थे। पड़ोसियों ने बताया कि राजेंद्र मंडेलकर पिछले तीन-चार दिनों से दिखाई नहीं दे रहे थे। जब उनके घर से लगातार दुर्गंध आने लगी तो लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

पत्नी इलाज कराने गई थी नागपुर

पुलिस कर रही मामले की जांच

योग कर जन-जन तक योग को पहुंचाने का लिया संकल्प

मुलताई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित होकर एक साथ योग आसान , प्राणायाम एवं ध्यान किया। गायत्री परिवार के योगाचार्य नारायण देशमुख ने सर्वप्रथम सूक्ष्म योगीक क्रियाये करवाई ,तत्पश्चात ताड़ासन वृक्छासन कटी चक्रासन सलभाषण भुजंगासन मंडूकासन ,प्रज्ञा योग,सूर्य नमस्कार सेतू बंदासन , अनुलोम विलोम भ्रामरी,कपालभाति प्राणायाम के साथ ओंकार ध्यान कराया ।उपस्थित भाई बहनों द्वारा प्रतिदिन स्वयं एक घंटा योग करने एवं योग को जन जन तक पहुंचाने की शपथ ली ।योग समापन के पूर्व जो नियमित योग करने वाले भाई बहनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए योग की महत्ता बताते हुए योग करने से घुटनों का दर्द,शुगर,बीपी,थायराइड जैसी कई बीमारियों को दूर करने की बात कही ।गायत्री परिवार के योगाचार्य नारायण देशमुख ने बताया कि न्यायालय परिसर मुलताई में देवेंद्र सोनी के द्वारा योग करवाया गया। वही जेल परिसर में रागिनी शिवहरे योगाचार्य ने योग आसान करवाया गया, वही जेल में गायत्री परिवार के नारायण देशमुख ने प्राणायाम एवं ओंकार ध्यान करवाया गया।

फॉरेस्ट नाके पर लूट के तीन बदमाश गिरफ्तार

बैतूल। खेड़ी चौकी क्षेत्र के फॉरेस्ट नाके के पास हुई लूट की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और 5500 रूपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात 18 और 19 जून की दरमियानी रात हुई थी। फॉरेस्ट नाके के पास एक व्यक्ति को रोककर आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन और 65 हजार रुपए लूट लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिरों से मिली जानकारी और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने अमन राज निवासी जयप्रकाश वार्ड गंज, शिवा वड़ीवा निवासी ग्राम किलोद और शुभम सरनेकर निवासी ग्राम धनोरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने लूट की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन और 5500 रुपए नकद बरामद कर लिए गए।

योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर, कार्यक्रम संपन्न

बैतूल। भारत की देन योग के महत्व को आज पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। योग में वह शक्ति है जो अनेक बीमारियों से छुटकारा दिला सकती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा जिलेभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में ग्रामीण जनों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किए। जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 189 ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 5,406 नागरिकों ने भाग लिया। योगाभ्यास के साथ-साथ ध्यान एवं मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। परिषद के जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत ने विकासखंड घोड़ाडोंगरी के ग्राम बज्जरवाड़ा एवं बांचा में आयोजित योग कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करती है।

ब्रह्मकुमारी का राजयोग कार्यक्रम संपन्न

बैतूल। ब्रह्मकुमारीज़ का राजयोग और ध्यान की पद्धति विश्व विख्यात है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के भाग्य विधाता भवन में विशेष योग एवं राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारी डॉ.लीना दीदी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। इस अवसर पर बीके मंजू दीदी ने योग एवं राजयोग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित भाई-बहनों को वर्ष के 365 दिन योग करने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में खेल शिक्षक कमलेश देवकाते ने सभी को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उपस्थित भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक योग एवं प्राणायाम कर स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया। इस अवसर पर बीके पूर्णिमा, बीके हेमलता, बीके अर्चना, बीके तरुण सहित ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आठनेर में योग दिवस पर लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

आठनेर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आठनेर में सामूहिक योग प्रणायाम एवं योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया गया। आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति आठनेर, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट समिति आठनेर तथा प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति मध्यप्रदेश के सह-राज्य प्रभारी योगाचार्य भीमराव आवठे ने योगाभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग स्वस्थ शरीर, प्रसन्न मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही, जिसके अनुरूप प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा निरोगी एवं दीर्घायु जीवन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, वरिष्ठ नागरिक दिलीप मुलिक, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के व्यवस्थापक महेशचंद्र जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि मनोज जगताप सहित नागरिक, मातृशक्ति, बहनें एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के डॉ. सुशील सोनी एवं डॉ. रंजिता झारबडे द्वारा प्रकृति परीक्षण भी किया गया। आयोजन के अंत में आयुष विभाग के डॉ. अतुल राय ने सभी अतिथियों, योग साधकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्रवाई जांच दल को अनमोल हॉस्पिटल में मिलीं कई खामियां

एक माह के लिए अनमोल अस्पताल बंद करने के दिए आदेश

मुलताई। नगर में पारेगांव रोड पर स्थित डॉ प्रवीण शुक्ला के अनमोल हॉस्पिटल में नगर के युवा की मौत के बाद साई सेवा समिति द्वारा रैली निकालकर की गईं शिकायत की जांच जिला स्तरीय जांच दल करने पर कई खामिया पाई गईं। जिस पर सीएमएचओ ने अनमोल हॉस्पिटल के संचालक को आदेश जारी कर एक माह तक अस्पताल का संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में बताया नगर के युवा अमरदीप सिंह (सन्नी) के उपचार उपरांत मृत्यु के संबंध में सांईसेवा समिति मुलताई द्वारा की गईं शिकायत के बाद जिला स्तरीय गठित जांच समिति में शामिल डॉ. राजेश परिहार जिला स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल, डॉ. रंजीत राठौर शल्य क्रिया विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बैतूल, डॉ. रानू वर्मा चिकित्सा विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बैतूल एवं डॉ. गजेन्द्र मीणा प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा अनमोल अस्पताल का 6 जून 2026 को निरीक्षण किया गया। जांच टीम में अनुविभागीय अधिकारी, मुलताई की ओर से संजय बरैया तहसीलदार मुलताई भी उपस्थित रहे ।जांच दल ने अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट निष्पादन हेतु अधिकृत एजेंसी के साथ अनुबंध अनुसार अपशिष्ट के पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन एवं निष्पादन निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित रूप से नही पाया गया,फायर मानक आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नही की ।अस्पताल में विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र एवं प्रस्तुत नही किया गया एवं आपातकालीन विद्युत बैकअप व्यवस्था भी उपलब्ध नही पाई गई ।अस्पताल में पैथालाजी लेब का संचालित पाई गई, लेकिन पैथालॉजी लेब अधिकृत नही हैं ।इसके अतिरिक्त की खामिया मिली हैं। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया अस्पताल का संचालन म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाऐं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) के नियमों एवं मापदंडो के विरूद्ध किये जाने के कारण अस्पताल का पंजीयन नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन क्रमांक एनएचएस 2637748 दिनांक 17 फरवरी 2026 को अमान्य करते हुए एक माह के लिए अस्पताल बंद करने के निर्देश दिए हैं ।वहीं पत्र में उल्लेखित शिकायत बिन्दुओं एवं मृतक अमरदीप सिंह के उपचार के संबंध में 15 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण मय साक्ष्यो, अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं ।निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नही करने अथवा उपरोक्त वर्णित शिकायतों पर स्पष्ट अभिलेख एवं साक्ष्य प्रस्तुत नही करने की स्थिति में अस्पताल पंजीयन नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन क्रमांक एनएचएस 2637748 दिनांक 17 फरवरी 2026 को निरस्त कर अस्पताल पूर्णत: बंद करने संबंधी कार्रवाई की चेतावनी दी हैं।

जनगणना में ओबीसी श्रेणी शामिल करने की मांग

बैतूल। जनगणना की हाउस लिस्टिंग प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक श्रेणी का प्रावधान नहीं किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आज सोमवार 22 जून को डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर धरना-प्रदर्शन एवं रैली का कार्यक्रम किया जाएगा। रैली के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर जनगणना में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज करने तथा जातिगत जनगणना सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। मोर्चा पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) के दौरान परिवारों की श्रेणी दर्ज करने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य के विकल्प दिए गए हैं, लेकिन ओबीसी के लिए अलग विकल्प उपलब्ध नहीं है। संगठन का आरोप है कि इससे ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या का सही आकलन नहीं हो सकेगा। उन्होंने मांग की कि हाउस लिस्टिंग फॉर्म में ओबीसी के लिए पृथक कालम जोड़ा जाए, ताकि इस वर्ग के आंकड़े अलग से संकलित किए जा सकें ।चुंकि जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है और इसके लिए एचएलओ एप का उपयोग किया जा रहा है इसलिए संगठन ने मांग की कि जनगणना में एकत्रित आंकड़ों के भौतिक सत्यापन की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। पहले चरण में 25 मई 2026 को देशभर में ज्ञापन सौंपे गए थे, दूसरे चरण में 5 जून को राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जबकि तीसरे चरण में आज दिनांक 22 जून को राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन, रैली प्रदर्शन और ज्ञापन देना प्रस्तावित है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा आज देगा धरना

रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम देंगे ज्ञापन